# मुझे मस्ती चढ़ गई रे

मुझे मस्ती चढ़ गई रे
===============
धुन- झुमका गिरा रे
मुझे, मस्ती चढ़ गई रे, सांवरिया, तेरे नाम की ॥
मुझे, मस्ती चढ़ गई रे ॥ सांवरिया, तेरे नाम की...
मुझे, मस्ती चढ गई रे...

हमने, तेरे, रंग में बाबा, खुद को, रंग लिया है ।
दुनियाँ, से बेगाने होकर, तेरा संग लिया है ॥
तूँ, हमको है, सबसे प्यारा, अब ये, जान लिया है ।
अपने, जीवन का मालिक बस,
तुझको, मान लिया बाबा, तुझको मान लिया,
अब, परवाह ना कोई, हमको, अपने अंजाम की...
मुझे, मस्ती चढ गई रे...

बार बार, तुझसे मिलने के, करते रहे बहाने ।
एक, झलक को, तरसते रहते, बाबा तेरे दीवाने ॥
तुमसा ना, दातार है कोई, सारी, दुनिया जाने ।
हम तेरे, पागल बाबा,
तूँ, माने या ना माने, तूँ माने या ना माने,
मुझे, खींच, ले आती है, ये माटी, तेरे धाम की.,,
मुझे, मस्ती चढ़ गई रे...

पंकज, जैसे, कितनो की तूँ, बाबा, मौज़ करावे ।
थोड़ा, मांगे, ज्यादा दे तूँ, खाली ना लौटावे ॥
तेरी, महिमा, भारी बाबा, हमसे, कही ना जाए ।
तूँ उस पर, लुट जाए बाबा,
जो तुझ पर, लुट जाए बाबा, जो तुझ पर लुट जाए,
तेरी, चौखट रह गई है. बस बाबा म्हारे काम की...
मुझे, मस्ती चढ़ गई रे...

लो, आ गया, खाटू वाला, लो, आ गया, नीले वाला ॥
लो, आ गया, खाटू वाला, लो, आ गया, नीले वाला ॥
वो, भक्तों का रखवाला, लो, आ गया, खाटू वाला ॥
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33847/title/mujhe-masti-chadh-gayi-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |